web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union (Govt. Registered)

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़,सोमवार 10 फरवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 133

# श्रीलंका के पीएम राजपक्षे काशी विश्वनाथ दर्शन करने बनारस पहुंचे

**वाराणसी (आरएनएस)।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे रविवार को वाराणसी पहुंच गए, जहां वह बाबा विश्वनाथ और कालभैरव का दर्शन करेंगे। इसके बाद वह होटल ताज में विश्राम कर दोपहर में वह सारनाथ भगवान बुद्ध की अस्थियों का अवशेष देखने और उनकी प्रथम उपदेश स्थली को नमन करने जाएंगे। इससे पहले बाबतपुर हवाईअड्डा पहुंचने पर एयरपोर्ट के निदेशक आकाशदीप ने उनका स्वागत किया। महाबोधि सोसायटी ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव भिक्षु के मेधांकर थेरो ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया, प्रधानमंत्री सारनाथ पहुंचेंगे। तथागत की उपदेश स्थली, धमेख स्तूप के दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद वह मूलगंध कुटी विहार में बौद्ध मंदिर में भगवान बुद्ध का पूजन कर बौद्ध भिक्षुओं से आशीर्वाद लेंगे। इस दौरान वह सारनाथ पुरातात्विक संग्रहालय भी देखेंगे।



बाबा के दरबार सहित प्रमुख मार्ग जहां से महिंदा राजपक्षे का काफिला गुजरेगा, वहां पर भारत श्रीलंका के मजबूत रिश्तों के प्रतीक पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर में श्रीलंका के प्रधानमंत्री का स्वागत करने का संदेश भी तमिल व सिंहली भाषा में लिखकर रिश्तों को प्रगाढ़ किया गया है। वहीं श्रीलंका के प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए दस बजे से काशी विश्वनाथ मन्दिर प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। वीवीआइपी के आगमन को देखते हुए दस बजे के बाद से आम भक्तों का छत्ताद्वार से प्रवेश बन्द कर दिया गया। माघ पूर्णिमा होने की वजह से मंदिर में इस दौरान श्रद्धालुओं की काफी भीड़ बनी हुई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

ज्ञात हो कि श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे भारत की यात्रा पर शुक्रवार को पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता भी की थी।

## जनसंघ नेता और आरएसएस प्रचारक पी. परमेश्वरन का निधन

### » उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया शोक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठतम प्रचारकों में से एक और पूर्ववर्ती भारतीय जन संघ के नेता रहे पी. परमेश्वरन का शनिवार देर रात निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे।

आरएसएस के सूत्रों ने बताया कि भारतीय विचार केंद्र के संस्थापक निदेशक का केरल के पलक्कड़ जिले के ओट्टाप्पलम में आयुर्वेदिक उपचार चल रहा था और वहीं उन्होंने देर रात 12 बजकर 10 मिनट पर अंतिम सांस ली। जन संघ के दिनों में दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी और एल. के. आडवाणी जैसे नेताओं के साथ काम कर चुके परमेश्वरन को देश के दूसरे सबसे बड़े असैन्य सम्मान पद्म विभूषण से 2018 में और पद्म श्री से 2004 में नवाजा गया था। परमेश्वरन एक बेहतरीन लेखक, कवि, अनुसंधानकर्ता और सम्मानित आरएसएस विचारक थे। उन्होंने भारतीय जन संघ के सचिव (1967-1971) और उपाध्यक्ष (1971-1977) के अलावा नई दिल्ली स्थित दीनदयाल अनुसंधान संस्थान के निदेशक (1977-1982) के तौर पर भी सेवाएं दीं। वेंकैया नायडू और पीएम मोदी ने जताया शोक उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरएसएस प्रचारक पी परमेश्वरन के निधन पर शोक जताया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शाहीन बाग में हुई फायरिंग से पड़ा वोटों पर असरः थरूर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में शनिवार को हुए विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने चौंकाने वाला बयान दिया है. उन्होंने दिल्ली में हुए अपेक्षाकृत कम मतदान के लिए शाहीन बाग में हुई फायरिंग को जिम्मेदार ठहराया है. थरूर ने कहा कि दिल्ली चुनाव में कम वोटर टर्नआउट रहा. इसका कारण शाहीन बाग में हुई फायरिंग हो सकता है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सीएए और एनआरसी को लेकर भी बयान दिया है. उन्होंने कहा, ऐसी आशंका जताई जा रही है कि नागरिकता संशोधित कानून और एनआरसी के जरिये ठीक कागज न दिखा पाने वालों के वोटिंग अधिकार छीने जा सकते हैं।

### सेना के मेजर ने बनाया दुनिया का पहला बुलेटप्रूफ हेलमेट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना के जवानों के लिए स्नाइपर बुलेट्स से बचाने वाली बुलेट प्रूफ जैकेट बनाने वाले मेजर ने एक ऐसा हेलमेट बनाया है जिससे 10 मीटर की दूरी से दागी गई एके-47 की गोलियों का असर नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार अभेद्य प्रोजेक्ट के तहत मेजर अनूप मिश्रा ने बैलेस्टिक हेलमेट बनाया है। इस हेलमेट के बारे में दावा किया गया कि दुनिया में ऐसा पहला बुलेटप्रूफ हेलमेट है जो 10 मीटर की दूसरी से एके-47 से चलाई गई गोली से इसे पहनने वाले को बचाएगा। भारतीय सेना के कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग में अनूप मिश्रा ने इसी प्रोजेक्ट के तहत फुल बॉडी प्रोटेक्शन बुलेट प्रूफ जैकेट बनाया है। दरअसल जम्मू और कश्मीर में तैनाती के दौरान मिश्रा पर दो गोलियां चलीं थी। हालांकि बुलेट प्रूफ जैकेट के चलते गोलियां तो उनके शरीर में नहीं लगीं लेकिन उसका असर जरूर पड़ा। इसके बाद उन्होंने ऐसी बुलेट प्रूफ जैकेट बनाई. यह जैकेट 10 मीटर की दूरी से स्नाइपर की फायरिंग का सामना कर सकता है।

### आप ने जताई ईवीएम से छेड़छाड़ की आशंका

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए चुनाव संपन्न हो गया। वोटों की गिनती 11 फरवरी को होगी। लेकिन मतगणना से पहले ईवीएम को लेकर फिर से चर्चा शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी ने ट्वीट करके ईवीएम की सुरक्षा पर चिंता जताई है। आप नेता संजय सिंह ने ईवीएम की सुरक्षा पर उठाए सवाल हैं और चुनाव आयोग इस घटना का संज्ञान लेने की अपील करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया है। संजय सिंह ने लिखा कि ये किस जगह ईवीएम उतारी जा रही है आस पास तो कोई सेंटर है नही। बता दें कि इससे पहले बीती रात मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर के साथ और बैठक की बाद में आप नेता संजय सिंह ने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता पूरी राष्ट्रीय राजधानी में स्ट्रांग रूम के बाहर ही मौजूद रहेंगे और नजर रखेंगे।

### साढ़े नौ हजार लोग कोरोनावायरस की निगरानी में

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** हांगकांग और चीन के अलावा सिंगापुर और थाइलैंड की सभी उड़ानों की वैश्विक जांच पहले से ही चल रही है। यात्रियों की निगरानी अब सभी 21 हवाई अड्डों, अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों और सीमा पार के रास्तों पर की जा रही है। 21 हवाई अड्डों पर अब तक 1,818 उड़ानों और 1,97,192 यात्रियों की जांच की जा चुकी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नोवेल कोरोनावायरस के कारण उत्पन्न होने वाली स्थिति से निपटने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। वर्तमान समय में, 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 9,452 लोग सामुदायिक निगरानी में हैं। नियंत्रण और रोकथाम गतिविधियों को ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है। सभी राज्य सरकारें किसी भी परिस्थिति से मुकाबला करने के लिए अपनी त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को लगातार मजबूत कर रहे हैं।

## परिणाम बाद आप के साथ सरकार बनाएगी कांग्रेस




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ग्यारह फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ जाएंगे, लेकिन यदि किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो इस बात की क्या संभावना है कि कांग्रेस पार्टी आम आदमी पार्टी से फिर से गठबंधन कर सरकार बनाएगी? इस सवाल के जवाब में रविवार को पार्टी के दिल्ली प्रभारी पीसी चाको ने कहा कि, 'यह परिणामों पर निर्भर करता है. एक बार रिजल्ट सामने आ जाएं, उसके बाद ही हम उस पर चर्चा कर सकते हैं.' उन्होंने एग्जिट पोल्स के बारे में कहा कि, उन्हे एग्जिट पोल सर्वेक्षण सही नहीं लग रहे हैं. उन्होंने इस बात की संभावना जताई कि उनकी पार्टी सर्वेक्षणों की भविष्यवाणी से बेहतर प्रदर्शन करेगी.

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए शनिवार को वोट डाले गए और उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया।

वोटिंग के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल के अनुसार दिल्ली में एक बार फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार बनने की संभावना बनती दिख रही है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को 70 में से 50 सीटें मिलती दिख रही है।

## कश्मीर में इंटरनेट सेवा फिर बंद, जम्मू में हाई अलर्ट

### » अफजल की बरसी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** संसद हमले के दोषी आतंकी अफजल गुरु को आज ही के दिन साल 2013 में फांसी दी गई थी। ऐसे में माहौल न बिगड़े इसके चलते प्रशासन ने कश्मीर में 2जी इन्टरनेट सेवा पर रोक लगा दी है। दरअसल, 31 जनवरी को जम्मू के नगरोटा में हुए एनकाउंटर में जिंदा पकड़े गए आतंकियों के मददगार समीर डार ने पूछताछ में कबूला है कि पाकिस्तान अफजल गुरु की बरसी वाले दिन यानि नौ फरवरी के आस-पास जम्मू में फिदायीन हमले की फिराक में है। खुफिया एजेंसियो की मानें तो इस हमले को अंजाम देने के लिए फिदायीन जम्मू पहुंच चुके हैं। इस अलर्ट के बाद अब जम्मू शहर में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती के साथ ही अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया है। बता दें कि गत दिनों सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी करते हुए कहा था कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में नौ फरवरी के आस-पास किसी बड़े फिदायीन हमले की फिराक में है और इसी के मद्देनजर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया था। सुरक्षा एजेंसियो की खास निगाह में जम्मू से श्रीनगर की तरफ जाने वाले ट्रक हैं। क्योंकि समीर डार से पूछताछ में खुफिया एजेंसियों को यह पता चला है कि पाकिस्तान जम्मू से श्रीनगर जाने वाले ट्रकों में आतंकियों को घाटी भेज रहा है।

## समुद्र के रास्ते अब भारत में नहीं घुस पाएगा कोई आतंकी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** समुद्र से दुश्मनों की घुसपैठ रोकने में कोस्ट गार्ड भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। रिवर फ्रंट पर इंडियन कोस्ट गार्ड के शौर्य को सामने लाने के लिए स्टॉल लगा है। यहां रोचक जानकारियां मिल रही हैं। 26 नवंबर, 2008 को मुम्बई में हमलों के बाद भारतीय कोस्ट गार्ड की जिम्मेदारी बढ़ गई है। अब यह ज्यादा सतर्क हैं। पड़ोसी देशों के कोस्ट गार्ड के साथ समन्वय किया है।

146 स्टेशन, 62 विमान, 66 जलपोत के जरिए 13 हजार 900 अफसर-सैनिक समुंदरों पर दूर तक नजर रखे हुए हैं। अब कोई कसाब क्या बिना इनकी मर्जी परिंदा भी देश की सीमा में नहीं घुस सकता। दुनिया में चौथे स्थान पर भारतीय कोस्ट गार्ड का सबसे बड़ा बेड़ा है। कोस्ट गार्ड के अधिकारियों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी, अरब सागर, हिन्द महासागर में चप्पे-चप्पे पर उनकी नजर है। कोस्ट गार्ड की बड़ी जिम्मेदारी भारतीय मछुआरों की मदद करना भी है। तूफान के समय रेस्क्यू मिशन उसी की जिम्मेदारी है। सागर से वैज्ञानिक आंकड़े इकट्ठा करना, तस्करों को पकड़वाने में कस्टम की मदद करना, टैंकर ले जा रहे जहाजों से रिसाव होने पर समुद्र की सतह साफ करना जैसे कार्य इंडियन कोस्ट गार्ड कर रहे हैं।




**स्टीमर पर तिरंगे के बाद पकड़े जा रहे घुसपैठिए**

कोस्ट गार्ड अधिकारियों का कहना है कि कोस्ट गार्ड ने महासागर में चलने वाले नौकाओं से लेकर स्टीमर, बोट, जलपोतों के आंकड़े इकट्ठा किए हैं। अब कोई भी स्टीमर या बोट जो इन आंकड़ों से मेल नहीं खाती वह भारतीय सीमा में घुस जाए तो रोक ली जाती है।

## हुनर हाट एक मेगा मिशन साबित हुआ हैः नकवी

**इंदौर (आरएनएस)।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि देश भर में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जा रहे हुनर हाट, जरूरतमंद मास्टर कारीगरों और शिल्पकारों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए एक मेगा मिशन साबित हुए हैं। उन्होंने ये बातें रविवार को मध्यप्रदेश के इंदौर में, मध्यप्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन के साथ हुनर हाट का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि हुनर हाट स्वदेशी शिल्प, पाक-कला और संस्कृति तथा मास्टर कारीगरों, शिल्पकारों के आर्थिक सशक्तीकरण का एक मेगा मिशन बन चुका है। उन्होंने कहा कि हुनर हाट की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले 3 वर्षों में लगभग 3 लाख जरूरतमंद मास्टर कारीगरों, शिल्पकारों और पाक-कला विशेषज्ञों को हुनर हाट के माध्यम से रोजगार प्रदान किया गया है और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। इन लाभार्थियों में बड़ी संख्या में महिला कारीगर भी शामिल हैं। नकवी ने कहा कि अगले 5 वर्षों में पूरे देश में लगभग 100 हुनर हाट का आयोजन किया जाएगा, जिससे माध्यम से लाखों कारीगरों और शिल्पकारों और उनसे जुड़े लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा न केवल मास्टर कारीगरों और शिल्पकारों को रोजगार का अवसर प्रदान किया जा रहा है, बल्कि यह उनके पारंपरिक विरासत को संरक्षित कर रही है और बढ़ावा भी दे रही है, जो विलुप्त होने के कगार पर आ चुकी थी।


## श्रीलंका के पीएम राजपक्षे ने बाबा विश्वनाथ के अनुष्ठान में हिस्सा लिया

**वाराणसी (आरएनएस)।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे एक दिवसीय दौरे पर रविवार को वाराणसी पहुंचे. लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रोटोकाल के अनुसार प्रशासन ने उनकी आगवानी की. एयरपोर्ट से महिंदा राजपक्षे काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे. जहां उन्होंने षोडशोपचार विधि विधान से पूजन किया. बाबा दरबार के गर्भ गृह में उन्होंने बैठकर पूजन और अनुष्ठान में हिस्सा लिया. बाबा दरबार की ओर से उनको प्रसाद भेंट किया गया। बाबा दरबार में दर्शन पूजन के बाद काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए पहुंचे तो बाबा दरबार में उन्होंने आरती की और मंदिर प्रशासन की ओर से उनको बाबा का प्रसाद दिया गया।

## एग्जिट पोल्स गलत, नतीजों का करें इंतजारःजावड़ेकर

### » दिल्ली विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में मतदान के बाद शनिवार देर रात दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंथन जारी रहा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, चुनाव प्रभारी प्रकाश जावडेकर समेत दिल्ली के सभी सांसदों व अन्य नेताओं के साथ मतदान की समीक्षा की।




केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने एग्जिट पोल्स में आम आदमी पार्टी के जीत के दावों को नकारते हुए कहा कि एग्जिट पोल्स गलत हो सकते हैं। इसलिए भाजपा एग्जैक्ट पोल्स (सटीक नतीजों) का इंतजार करेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव भाजपा ही जीतेगी और एग्जिट पोल्स और अंतिम नतीजों में बड़ा अंतर होगा। लोकसभा चुनाव में भी एग्जिट पोल्स गलत साबित हुए थे। जावड़ेकर ने कहा कि हमने जमीनी सच्चाई देखी है और अच्छी प्रतिक्रिया मिलती दिख रही है। हम 11 फरवरी को सरकार जरूर बनाएंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने भी एग्जिट पोल्स के गलत होने की बात कही है। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदान की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की।

दिल्ली में 21 जनवरी को नामांकन के बाद से 6 फरवरी तक अमित शाह ने 42 नुक्कड़ सभाएं करके भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की हरसंभव कोशिश की। अंतिम समय तक भाजपा नेता मैदान में डटे रहे। दिल्ली चुनाव में लगे नेताओं से वह मतदान की जानकारी भी हासिल करते रहे और रात में प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंच गए।

## केजरीवाल की जीत विकास की जीत होगीःचौधरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल के नतीजों में आम आदमी पार्टी को बहुमत दिखाया गया है।**

भाजपा को दूसरे नम्बर की पार्टी बताया गया है। कांग्रेस को एक सीट दी गई है। इस पर कांग्रेसी नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव हम पूरी ताकत से लड़े। इस चुनाव में बीजेपी ने सभी सांप्रदायिक एजेंडों को आगे रखा, और अरविंद केजरीवाल जी ने विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाया। अगर केजरीवाल जीत जाते हैं, तो यह विकास के एजेंडे की जीत होगी।



## जीएसटी से राज्यों को हुआ भारी नुकसान

### » मोदी सरकार देगी 35 हजार करोड़ का मुआवजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** माल एवं सेवा कर के कारण राज्यों को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। केंद्र सरकार ने इस नुकसान की भरपाई के लिए जल्द 35,000 करोड़ रुपए जारी करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी के तहत राज्यों को राजस्व में 14 प्रतिशत की वृद्धि नहीं हो पाने की स्थिति में पांच साल तक मुआवजा देने व्यवस्था है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच 2017-18, 2018-19 तथा चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों तक मुआवजे को लेकर किसी तरह विवाद नहीं हुआ था। हालांकि, उपकर से प्राप्त राजस्व कम रहने की वजह से केंद्र सरकार ने अगस्त से राज्यों को मुआवजे का हस्तांतरण रोक दिया है। इसके बाद राज्यों ने केंद्र के समक्ष यह मुद्दा उठाना शुरू कर दिया था।

## दुबई से लाए जा रहे 24 लाख के नकली नोट पकड़ाए

**मुंबई (आरएनएस)।** खुफिया एजेंसियों की जानकारी पर मुंबई पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. मुंबई पुलिस ने 24 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए है. ये सारे नोट 2000 रुपये के थे. पुलिस के मुताबिक ये करेंसी दुबई से मुंबई लाया जा रहा था। पुलिस ने इस सिलसिले में जावेद नाम के शख्स को भी गिरफ्तार किया है. फिलहाल उससे पूछताछ चल रही है. पुलिस के मुताबिक ये सारे नोट इंडिगो की फ्लाइट से लाया जा रहा था. पुलिस का कहना है कि पिछले दो साल में ये सबसे बड़ी बरामदगी है।

## लगातार चौथे दिन गिरे पेट्रोल-डीजल के दाम

### » पांच महीने में सबसे निचले स्तर पर कीमत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में पेट्रोल-डीजल के दाम रविवार को लगातार चौथे दिन घटते हुए करीब 5 महीने के निचले स्तर पर आ गए। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल रविवार को 22 पैसे सस्ता होकर 72.23 रुपए प्रति लीटर पर आ गया। यह 17 सितंबर 2019 के बाद का निचला स्तर है। यहां डीजल की कीमत भी 20 पैसे घटकर 65.23 रुपए प्रति लीटर रह गई। यह पिछले साल 12 सितंबर के बाद का निचला स्तर है। कोलकाता में पेट्रोल 21 पैसे सस्ता होकर 74.92 रुपए, मुंबई में 22 पैसे सस्ता होकर 77.89 रुपए और चेन्नई में 23 पैसे सस्ता होकर 75.04 रुपए प्रति लीटर रह गया।